卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 261 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦28 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पुलिस से बचने के लिए भाग रहा ईनामी बदमाश छत से गिरा, मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दुष्कर्म के पश्चात युवती को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के एक मामले में आरोपी 25 हजार रुपए के ईनामी को एसटीएफ टीम आने की भनक लगते ही वह भवन की चौथी मंजिल से पाईप के सहारे कूदकर भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान वह हड़बड़ी में पाईप से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे घायलावस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गई। जहां से उसे हल्द्वानी रैफर कर दिया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम



एसटीएफ को सूचना मिली कि एक 25 हजार का ईनामी अभियुक्त अमन शर्मा काशीपुर मार्ग स्थित एक कालोनी में मौजूद है। जिस पर एसटीएफ की टीम उसे पकड़ने के लिए कालोनी में पहुंच गई। पुलिस को देखकर आरोपी अमन शर्मा पुत्र राकेश शर्मा निवासी खटीमा चौथी मंजिल से पाइप के सहारे उतर कर भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान पाइप टूट गया और अमन धड़ाम से नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। एसटीएफ की टीम उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। पुलिस उसे हल्द्वानी एसटीएच ले गयी (शेष पृष्ठ सात पर)

## दून में अंतर्राज्यीय गैंग के चार सदस्य दबोचे

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश एवं अन्य राज्यों के कई मोबाइल टावरों से कीमती उपकरणों की चोरी का खुलासा करते हुये देहरादून जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल टावरों के कीमती पाट्‌र्स चुराने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग मौर्य गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया हैं। देहरादून के 4 थानों के मुकदमों का सफल अनावरण करते हुये पुलिस ने 25 लाख रुपये का माल भी बरामद किया हैं। पुलिस के अनुसार एयरो इन्फ्राटेक कम्पनी का सुपरवाईजर ही मास्टरमाइंड निकला हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रेमनगर मे प्रवीण पुत्र तेजपाल निवासी इंड्स टावर लि. प्रेमनगर द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)



## गांधी पार्क में दिव्यांग का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं नगर के गांधी पार्क में संदिग्ध परिस्थितियों में दिव्यांग व्यक्ति का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस कर्मियों के साथ ही मृतक के परिजन भी मौके पर आ पहुंचे। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम मिलक थाना भोट रामपुर निवासी श्यामलाल यहां परिवार सहित कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में रहता है। उसके पांच पुत्रों गोपाल, बबलू, मेवाराम, हरप्रसाद व जयदेव (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

### सिडकुल की कंपनी में काम करता था मृतक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर कलड़िया में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसें उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक पूछताछ की। जानकारी के अनुसार ग्राम भगवानपुर कलड़िया



निवासी 29 वर्षीय हनुमतेन्द्र सिंह सिडकुल स्थित डाबर फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि वह खाना खाकर घर के दोमंजिल पर बने कमरे में चला गया। प्रातः जब वह नीचे वापस नहीं आया तो परिजन उसे उठाने के लिए दोमंजिल पर गये। जहां हनुमतेन्द्र तार से बने फंदे से दोमंजिल की दीवार पर लटका हुआ देखा गया। यह नजारा देख परिजनों के होश उड़ गये। उन्होंने उसे तत्काल फांसी से उतार कर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हनुमतेन्द्र की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने जिला (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाते से सवा लाख उड़ाए

काशीपुर(उद संवाददाता)। शातिर दिमाग व्यक्ति ने बैंक खाते से लाखों रुपयों की नकदी उड़ा दी। पुलिस ने घटना के लगभग चार माह बाद अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला किला निवासी राजेश शर्मा पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र शर्मा ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा में उसका अकाउंट है। बीते 17 फरवरी की शाम 6:00 से 6:30 के बीच अज्ञात शख्स द्वारा कूटरचित तरीके से उसके बैंक खाते से 95 हजार रुपए निकाल लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## महानगर कांग्रेस कार्यकारिणी की पहली सूची घोषित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व सांसद डा. महेन्द्र पाल सिंह का कांग्रेस जिला कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा की अगुवाई में फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पूर्व सांसद महेन्द्र पाल बुधवार को महानगर कांग्रेस कार्यकारिणी की प्रथम सूची जारी करने के लिए यहां पहुंचे थे। उन्होंने महानगर कांग्रेस की पहली सूची जारी करते हुए पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। इस अवसर पर डा. महेन्द्र पाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता का विश्वास को खो चुकी है इसीलिए



झूठी उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने के लिए महाजन संपर्क अभियान का नाटक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार जनता भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने जनता को महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया। आज महंगाई के चलते आम आदमी का जीना दुश्वार हो चुका है। बेरोजगार युवा आत्म हत्या को मजबूर हो रहा है। किसानों की हालत दयनीय है। व्यापारियों की दुकानें तोड़कर उन्हें बेसहारा छोड़ दिया गया है। अतिक्रमण के नाम पर गरीबों, किसानों और व्यापारियों को उजाड़कर सरकार ने हिटलरशाही का उदाहरण पेश किया है। मुख्यमंत्री पहले खुद गरीबों को उजाड़ने का आदेश देते हैं फिर खुद अपनी बात से मुकरकर इसका ठीकरा अधिकारियों के सिर पर फोड़ देते हैं। महेन्द्र पाल ने कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## छज्जा गिरने से बालक गंभीर

लालकुआं(उद संवाददाता)। छज्जा गिरने से सड़क पर खेल रहा 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे एसटीएच हल्द्वानी भर्ती कराया गया है, जहां बच्चे की हालत नाजुक बताई जा रही है। वार्ड नंबर 5 निवासी विरेंद्र शर्मा का 8 वर्षीय पुत्र शिवम अपने घर के बाहर मोहल्ले में खेल रहा था, तभी अचानक उनके सामने स्थित निसार अली के घर के दोमंजिलें का छज्जा भरभरा कर सड़क पर आ गिरा, जिसकी चपेट में शिवम आ गया और बेहोश हो गया। बच्चे को बेहोश देख तुरंत ही आसपास के लोगों एवं परिजनों ने एसटीएच चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचाया जहां घायल बच्चे का गहन चिकित्सा उपचार (शेष पृष्ठ सात पर)



# सवालों के घेरे में 'धामी सरकार' का भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस'

### एक दागी अफसर क्यों बना मुख्यमंत्री का चहेता ?, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिरे नौकरशाह को बनाया ओएसडी

■ अर्श

देहरादून। आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं निदेशालय देहरादून में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) पद पर दागी एवं विवादित नौकरशाह मृत्युंजय मिश्रा की नियुक्ति के बाद, सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति की कलई खुलना आरंभ हो गई है। बताना होगा कि मृत्युंजय मिश्रा पर एक समय भ्रष्टाचार एवं आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगे थे और इन्हीं आरोपों के चलते उन्हें काफी समय तक जेल में भी रहना पड़ा था और वे वर्तमान में उपरोक्त मामलों में जमानत पर चल रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि एक दागी नौकरशाह को ओएसडी का पद देकर पुरस्कृत किए जाने का मामला ऐन उस समय सामने आया है,जबकि कुछ दिन पूर्व ही सुबह के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा भ्रष्टाचार के चार आरोपियों के विरुद्ध विजिलेंस जांच का आदेश देने पर ,उनकी प्रदेश भर में जमकर वाहवाही हो रही थी ।लेकिन दागी नौकरशाह को विशेष कार्याधिकारी बनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस के दोहरे मानदंड (शेष पृष्ठ सात पर)






उत्तराखण्ड शासन
आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग
देहरादून।
कार्यालय ज्ञाप

डॉ मृत्युंजय मिश्रा को ओएसडी नियुक्त किए जाने का आदेश


उत्तराखण्ड शासन

मिश्रा को संबद्ध किए जाने का आदेश


उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय

कुलपति सुनील कुमार जोशी का आदेश जिसमें मिश्रा की नियुक्ति को वैध नहीं माना गया था

# नई परम्परा शुरू करने की अनुमति नहीं: मिश्रा

## ईद पर्व पर शांति व्यवस्था के लिए पीस कमेटी की बैठक संपन्न

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।प्रभारी जिलाधिकारी एवम मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने त्यौहार को सौहार्दपूर्वक व शांतिपूर्ण ढंग से मानने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार को त्यौहार रजिस्टर के अनुरूप व पूर्व की भांति ही मनाया जाए। उन्होंने का कि किसी भी प्रकार की नई परम्परा शुरू करने की अनुमति नहीं है।उन्होंने कहा कि कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थानों व रास्तों का ही उपयोग किया जाए। कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए, कुर्बानी स्थल को चारों ओर से कवर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिबंधित जानवर की कुर्बानी न हो। उन्होंने कहा कि माहौल को खराब करने वाली किसी भी वीडियो,फोटो एवं सेल्फी को सोशल मीडिया पर अपलोड न किया जाए, ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों तथा उलेमाओं से अपने-अपने स्तर से ही युवाओं को



जागरूक करने की अपील की ताकि सोशल मीडिया पर कोई भी गलत पोस्ट सेंड न हो सके। बैठक में मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने कहा कि ईद को पूर्व की भांति ही मनाया जाएगा। उन्होंने ईद के अवसर पर पेयजल आपूर्ति बढ़ाने, बिजली व्यवस्था सही रखने के साथ ही सफाई व्यवस्था को भी दुरस्त रखने को कहा ताकि किसी भी प्रकार की गंदगी न हो। उन्होंने सभी से कहा कि जिला प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने सभी से कुर्बानी की वीडियो, फोटो, सेल्फी अपलोड न करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि कुर्बानी इस प्रकार की जाए कि किसी की भी भावनाएं आहत न हों। बैठक में जसपुर से सदर रईस अहमद ने कहा कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशन का अनुपालन कराया जाएगा। उन्होंने जसपुर में कुर्बानी से संबंधित समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में आए हुए जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता के दृष्टिगत बिजली, पानी तथा सफाई व्यवस्था दुरस्त रखने हेतु कार्यवाही की मांग की। जिसपर प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी सीएस घोड़के,मनोज कत्याल, एसडीएम कोस्तुभ मिश्रा, मनीष बिष्ट, रुद्रपुर से मौलाना जाहिद रजा रिजवी, अयूब खान, जसपुर से सादर मोहम्मद सईद, हाजी अब्दुल हमीद, मोहम्मद इकबाल, खटीमा से नासिर खान, अनीस रजा, दिनेशपुर से यूसुफ, मसीत से शमीम, किच्छा से सभासद लियाकत अली, नजाकत आदि उपस्थित थे।

# परिवार के साथ ऋषिकेश पहुंचे नवजोत सिद्धू,शेयर की तस्वीरें

ऋषिकेश। पूर्व भारतीय क्रिकेटर व पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के बेटे करण सिद्धू की सगाई हो गई है। उन्होंने ट्विटर पर अपनी होने वाली बहू का परिचय दिया और उसकी तस्वीरें साझा की। सभी तस्वीरें ऋषिकेश गंगा तट की है। सिद्धू यहां 25 जून रविवार रात पहुंच गए थे। मंगलवार को वह यहां से वापस लौट गए। अपने ट्विटर हैंडल पर कांग्रेसी नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा कि- 'बेटा अपनी प्यारी मां की सबसे बड़ी इच्छा का सम्मान करता है। इस शुभ दुर्गा-अष्टमी के दिन मां गंगा की गोद में, एक नई शुरुआत, हमारी होने वाली बहू इनायत रंधावा से मिलिए।' सिद्धू ने बताया कि उनके बेटे ने अपनी मां की इच्छा को पूरा किया और गंगा नदी के तट पर अपनी मंगेतर को प्रॉमिस बैंड बांधा। तस्वीरों में सिद्धू को अपनी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू, बेटी राबिया सिद्धू, बेटे करण सिद्धू और इनायत रंधावा के साथ देखा जा सकता है। नवजोत सिंह सिद्धू एक माह के भीतर दूसरी बार ऋषिकेश आए हैं। इससे पूर्व नवजोत सिंह सिद्धू 29 मई को अपनी पत्नी और परिवार संग ऋषिकेश के मुनिकीरेती स्थित एक होटल में ठहरे थे। इस दौरान उन्होंने आसपास क्षेत्र में घूमने के साथ राफ्टिंग भी की थी। दूसरी बार वह बीते रविवार रात इसी होटल में आकर ठहरे थे। सोमवार को उन्होंने मुनिकीरेती खारास्रोत के समीप अपने परिवार और होने वाली बहू के साथ फोटो खिंचवाई और ट्विटर हैंडल पर शेयर की है। ट्विटर में बड़ी संख्या में लोग उन्हें इस खुशी के मौके पर बधाइयां दे रहे हैं। पत्नी की सेहत की दी जानकारी बता दें कि सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर कैंसर से जूझ रही हैं। वर्तमान में उनकी कीमोथेरेपी हो रही है।



# अच्छा प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कृत किया जाएगा : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 30 बिंदुओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए कहा कि शीघ्र ही इन बिंदुओं पर कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि यह 30 बिन्दु राज्य की प्राथमिकता है। इनके लिए अगले एक सप्ताह में पोर्टल तैयार कर लिया जाएगा। इन कार्यों का पोर्टल आधारित अनुश्रवण किया जाएगा। अच्छा प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। विभिन्न कार्यों के सरलीकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से घरों से कचरा प्रबंधन एवं निस्तारण, सरकारी सम्पत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड, जंगलों को आग से बचाने एवं स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पिरूल का निस्तारण एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी हरिद्वार को सफाई के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु हरिद्वार आते हैं। सफाई की उचित व्यवस्था के लिए नगर निगम और हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण को विशेष कार्य योजना तैयार करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम एवं श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी सहित सभी जनपदों से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम धामी के सामने भिड़े भाजपा कार्यकर्ता

देहरादून। उत्तराखंड में अनुशासित पार्टी कही जाने वाली भाजपा के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के सामने ही आपस में भिड़ गए। मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के दौरान आपसी नोकझोंक में कुछ कार्यकर्ताओं ने एक युवक को पीट दिया। जबकि, मुख्यमंत्री कुछ दूरी पर ही मीडिया से वार्ता कर रहे थे। अचानक हुई इस घटना से भगदड़ का माहौल बन गया और पुलिस ने मारपीट कर रहे कार्यकर्ताओं को परिसर से बाहर खदेड़ दिया। मंगलवार को सर्वे चौक स्थित आइआरडीटी सभागार में मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री का वर्चुअल संवाद था। जिसके लिए मुख्यमंत्री समेत भाजपा के तमाम पदाधिकारी कार्यक्रम में पहुंचे थे। सभागार के द्वार के पास ही मीडिया कर्मी सीएम से वार्ता कर रहे थे। तभी सभागार से कुछ भाजपा कार्यकर्ता जमकर लात-घूंसे चलाते हुए बाहर आए और भगदड़ मच गई। मुख्यमंत्री ने देखा कि कुछ कार्यकर्ता मारपीट कर रहे हैं। इस पर पुलिस समेत मुख्यमंत्री के सुरक्षा कर्मियों ने वहां से कार्यकर्ताओं को खदेड़ा। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में अपनी मां के साथ आए एक युवक को बार-बार आने-जाने पर कुछ कार्यकर्ताओं ने टोका तो उनकी बहस हो गई। देखते-ही देखते उनमें हाथापाई शुरू हो गई। कुछ कार्यकर्ता उक्त युवक को पीटते हुए बाहर आ गए। युवक की मां उसे बचाने का प्रयास कर रही थी। हालांकि, थोड़ी देर में मामला शांत हो गया।

# मुख्य सचिव ने की कैच दि रेन योजना की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में अधिकारियों के साथ कैच दि रेन योजना के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए अधिकारियों को मानसून सीजन के अगले तीन माह के लिए सम्बन्धित विभागों को टारगेट निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि अगले सीजन के लिए भी कार्ययोजना इसी वर्ष तैयार कर ली जाए। वन विभाग, सिंचाई विभाग,



जलागम समेत सभी सम्बन्धित विभाग चालखाल एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि जलस्रोतों को सूखने से बचाने हेतु वृहद स्तर पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि शीघ्र ही सभी जिलाधिकारी अपने स्तर पर लक्ष्य निर्धारित करने हेतु बैठकें आयोजित कर लें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) श्री अनूप मलिक, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, श्री शैलेश बगोली, श्री दिलीप जावलकर एवं श्री अरविन्द सिंह ह्यांकि सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला समन्वयक पद पर प्रो. नेगी का चयन

रामनगर(उद संवाददाता)। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जगमोहन सिंह नेगी का राष्ट्रीय सेवा योजना में नैनीताल जिला के जिला समन्वयक पद पर चयन हुआ है। इससे पूर्व प्रो. नेगी, एलएसएम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरागढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी रहे हैं और निरंतर पांच वर्षों तक जिला समन्वयक रहे। इसके साथ ही प्रो. नेगी राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय कैंपों में भी उत्तराखंड टीम मैनेजर का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक के रूप में चयन होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे सहित प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# जिला कचहरी के सदर नाजिर आशीष श्रीवास्तव को मातृ शोक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला कचहरी के सदर नाजिर आशीष श्रीवास्तव की माताजी का बुधवार सुबह निधन हो गया। वे करीब 75 साल की थी और कुछ समय से बीमार थी। उनके निधन पर उत्तरप्रदेश लोकतन्त्र सेनानी संघ की तरफ से एडवोकेट ने शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के अधिवक्ताओं ने भी स्वर्गीय माताजी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक व्यक्त किया है। श्रद्धांजलि सभा में बार अध्यक्ष मंगलप्रसाद तिवारी, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट आर पी सिंह , गुरुबाज सिंह नारंग, सुरेन्द्र नरूला कमल चिलाना, सुरभि आहूजा, बंटी ग्रोवर, संजीव फौगाट ,गौरव बिष्ट, बार सचिव सुशीला मेहता,जग्गू बिष्ट ,सिद्धनाथ मिश्रा, राधेश्याम शुक्ला, नागेश त्रिपाठी , मदनलाल अरोरा , के डी मिश्रा , जुगल बल्लभ गोस्वामी , पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी, उपसचिव कमल तलवाड़, बरीत सिंह, तथा पूर्व डी जी सी वीरेंद्र चौधरी समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

# ईद उल अजहा के मद्देनजर कोतवाली में संपन्न हुई अमन कमेटी की बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ईद उल अजहा के मद्देनजर कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक सीओ अनुषा बडोला एवं एसडीएम मनीष बिष्ट की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न हुई। जिसमें नगर निगम,विद्युत विभाग और व जल संस्थान के कर्मचारियों को बिजली पानी व अन्य सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए । सीओ अनुषा बडोला के निर्देशन में कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सीओ अनुषा बड़ौला ने बताया कि रुद्रपुर नगर अमन व भाईचारे के रूप में पहचाना जाता है। यहां सभी धर्मों के त्योहार बड़ी शांति पूर्वक व निष्पक्ष तरीके से मनाया जाते हैं और इन त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है ।बैठक में मौजूद लोगों ने त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने मांग की कि बिजली पानी की उचित व्यवस्था व नालियों की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए जिस पर एसडीएम मनीष बिष्ट ने उपस्थित अधिकारियों को जनता की मांग पर सभी समस्याओं से निजात दिलाने के निर्देश दिए। प्रकाश सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी धर्म के त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाए जाने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। इस दौरान कोतवाल विक्रम राठौर, रामपुरा चौकी इंचार्ज केसीआर्य, एसआई महेश कांडपाल, संदीप शर्मा, विपुल चंद्रा एवं अबरार अहमद, लखविंदर सिंह, नासिर, खतीब मलिक, इमरान, हाफिज, शेख मोहम्मद, बबलू मंसूरी, फरीद बाबा, फरीद भाई, वाहिद मियां, यूनुस, फरीद कुरैशी, आदि लोग उपस्थित थे।



# सिविल लाईन में जलभराव से व्यापारियों में रोष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस हुई मामूली बरसात में ही सिविल लाईन के मार्ग पूरी तरह से जलमग्न होकर तलैया बन गये। मार्ग के दोनों ओर बनी नालियों से गंदगी बरसात के पानी के साथ सड़कों पर बहने लगी। जिससे आम जनता के साथ क्षेत्र के व्यापारियों में रोष भड़क गया और निगम व वार्ड पार्षद पर नालियों की तलीझाड़ सफाई न कराने का आरोप लगाया। वहीं वार्ड पार्षद रंजीत सागर ने आरोपों पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं अपनी निगरानी में नालियों की तली झाड़ सफाई कराई है। परंतु दुकानों का कूड़ा नालियों में आ जाने से नालियां बार बार चौक हो जाती हैं। जिसका खामियाजा सभी को भुगतना पड़ता है। गौरतलब है कि गत दिवस मामूली बरसात में सिविल लाईन की सड़कों पर जल भराव हो जाने से आम जनता के साथ ही व्यापारियों को भी परेशानियों से जूझना पडा था। बैंक ऑफ बड़ौदा, वी मार्ट, रूपम गारमेंट्स के सामने की सड़क ने पूरी तरह से तलैया का रूप ले लिया था। व्यापारियों का कहना है कि मार्ग किनारे की नाली करीब छः फुट गहरी होने के बावजूद भी बरसात के पानी की निकासी सही ढ़ंग से नहीं हो पा रही है। इसका प्रमुख कारण नालियों की नियमित रूप से सफाई न होना है। वहीं पार्षद रंजीत सागर का कहना है कि यह शहर सभी का है इसे साफ सुथरा बनाये रखना हम सभी का दायित्व है। नगर निगम द्वारा नालियों की सफाई कराई जाती है लेकिन लोगों के फेंके गये कूड़े के साथ ही दुकानों से निकला कूड़ा नालियों में इकट्ठा हो जाता है। जिस कारण बार बार नालियां चौक हो जाती है। उन्होंने आम जनता से कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही फेंकने तथा व्यापारियों से दुकान का कूड़ा निगम के कूड़ा संग्रह वाहनों में डालने की अपील की।



वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
स्टोर इंचार्ज की।
जिसे टेली का अनुभव हो।
एक वर्ष का अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता।
-:संपर्क करें:-
नेशनल मशीनरी स्टोर
रुद्रपुर,मो.7906477795

# पुलिस कर्मियों के तनाव दूर करने को हास्य कवि सम्मेलन आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र डॉ नीलेश आनन्द भरणें ने पुलिस कर्मियों के मानसिक तनाव को दूर करने हेतु कोतवाली के पीछे सभागार में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन कराया। जिसमें वेद प्रकाश अंकुर हल्द्वानी, राजकुमार भण्डारी नैनीताल, तथा हरीश यमदूत मुम्बई द्वारा अपने कविताओं से पुलिस कर्मियों को हंसी के ठहाके लगाये।वरिष्ठ क्लिनिक साइकोलोजिस्ट डॉ. युवराज पंत , डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय द्वारा पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिये।आईजी ने बताय कि पुलिस कर्मी डयूटी की अधिकता एवं व्यस्तम जीवन के चलते अक्कर अपने परिवार को समय नहीं दे पाते है। कई बार उनके घरों में महत्वपूर्ण कार्य होने पर अवकाश भी नहीं मिल पाता है। जिससे व काफी तनाव में रहते है। इसके चलते कई बार अपनी डयूटी से गैर हाजिर तक हो जाते है तथा कभी-कभी तनाव इतना बढ जाता है कि वह आत्महत्या करने तक का कदम उठा लेते है।उन्होंने कहा अपने परिवार को समय न दे पाने के कारण तनाव की वजह से पुलिस कर्मियों का जनता के प्रति व्यवहार भी अच्छा नहीं रहता है जिससे जनता के प्रति पुलिस की छवि प्रभावित होती है। कई बार पुलिस कर्मी अपने परिवार के साथ भी बुरा बर्ताव करने लगते है।पुलिस कर्मयों के इस तरह के तनाव से मुक्त रहने के लिए डॉ. युवराज पंत , मनोचिकित्सक ने कुछ महत्पूर्ण टिप्स दिये , जिसमे उन्होने बताया कि पुलिस कर्मी सदैव अपने आप को वर्दी मेंना समझे, पुलिस की डयूटी से हटकर कोई अन्य कार्य जैसे- खेल खेलना, अच्छा संगीत सुनना वाचन करना , योगा करना जैसे



महत्वपूर्ण बातें बतायी। हास्य कविव वेद प्रकाश अंकुर, राजकुमार भण्डारी तथा हरीश "यमदूत" द्वारा अपनी प्रस्तुति देकर पुलिस कर्मियों को खूब हंसाया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट ने भी पुलिस कर्मियों को तनाव मुक्त रहने हेतु महत्वपूर्ण टिप्स दिये।सम्मेलन में आईजी कुमायूँ , व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अलावा पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात डॉ. जगदीश चन्द्र , अपर पुलिस अधीक्षक हरबंश सिंह, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी भूपेन्द्र सिंह धौनी ,क्षेत्राधिकारी लालकुंआ श्रीमती संगीता, क्षेत्राधिकारी रामनगर बलजीत सिंह भाकुनी एवं समस्त थाना प्रभारी /चौकी प्रभारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी से आहत पिता ने दी जान पुत्री ने की आत्महत्या की कोशिश

## धोखाधड़ी करने वाले का नाम बता रहे बुजुर्ग का वीडियो वायरल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोन लेने के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार हुए लालकुआं कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिन्दुखत्ता निवासी एक बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पिता की मौत सहन न होने पर पुत्री ने भी विषाक्त पदार्थ खाने का प्रयास किया। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस पूरे मामले की जांच में शुरू कर दी है। इधर मृतक बुजुर्ग का धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के नाम से एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे बुजुर्ग धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति का नाम बता रहा है। बताया जा रहा है कि कोतवाली क्षेत्र के खुरियाखत्ता बिंदुखत्ता निवासी प्रेम सिंह दानू ने शेर सिंह मेहता से ग्रुप लोन लिया था। लोन लेते समय शेर सिंह मेहता ने प्रेम सिंह दानू से गारंटी के तौर पर उसका आधार कार्ड के साथ-साथ अन्य दस्तावेज ले लिए थे। प्रेम सिंह दानू सीधा साधा व्यक्ति था उसने विश्वास कर लिया तथा अपना आधार कार्ड शेर सिंह मेहता को दे दिया। इस दौरान शेर सिंह ने फर्जीवाड़ा कर उसके नाम से लोन ले लिया। वहीं प्रेम सिंह को लोन की कोई जानकारी नहीं लगी। जब लोन जमा नहीं होने पर बैंक वाले घर पहुंचे तो पता चला कि शेर सिंह



ने उसके नाम से लोन लिया है। बैंक वाले घर पहुंच कुर्की करने की धमकी देने लगे तो प्रेम सिंह दानू आहत हो गया। विगत रात्रि उसने घर में रखे जहरीला पदार्थ को खा लिया। आनन-फानन में परिवार वाले सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। मृतक प्रेम सिंह दानू की एक पुत्र और एक पुत्री भी है। पिता की मौत के आहात पुत्री भी जहरीला पदार्थ खाने की कोशिश की लेकिन परिवार वालों की तत्परता के चलते जहरीला पदार्थ खाने से रोक लिया। पुलिस को दी गई तहरीर में परिजनों ने प्रेम सिंह दानू के बयान की वीडीओ भी दी है। जिसमें प्रेम सिंह दानू ने अपनी मौत के लिए शेर सिंह मेहता को जिम्मेदार ठहराया है। इधर प्रेम सिंह दानू की मौत से परिवार के साथ साथ पूरे गांव में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी शेर सिंह इस तरह कई और लोगों को भी धोखाधड़ी कर निशाना बना चुका है। लोगों को ग्रुप लोन दिलाने के नाम पर गरीबों के साथ धोखाधड़ी का काम किया का जा रहा है। परिजनों ने आरोपी शेर सिंह मेहता को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की।परिजनों के तहरीर के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ क्रैक डाउन अभियान चलाया।



पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पहैसनी में अभियुक्त एक देशी बन्दूक 315 के साथ घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया और बंदूक को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम पहैसनी निवासी भजन सिंह बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव एसआई लक्ष्मण दत्त जोशी एसआई शंकर बिष्ट अमित देवरानी नवीन जोशी दिनेश तिवारी आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# पांच रूपये में करवाया भोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। जियो जिंदगी की ओर से सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के लिए 5 रुपए में भोजन की व्यवस्था करवाई गई। उल्लेखनीय है कि जियो जिंदगी के सौजन्य से हर सोमवार और बृहस्पति वार 1 से 2 बजे तक जरूरतमंद लोगों को मात्र 5 रूपये थाली भोजन उपलब्ध कराया जाता है । सेवा कार्य करने वालों




में रमन छाबड़ा, संजीव झाम बंटी छाबड़ा,विकास तनेजा, पारस धवन,संदीप चावला, डॉ अरविंद धवन,सतीश कुमार चुघ,आशा मदान, गीता मदान,नेहा मदान,मानवी मदान,श्रेया मदान,शिवानी मदान, शनाया धवन, तीर्थ धवन आदि सेवादार मौजूद रहे ।

# जिंदा रहेंगी श्रीमति प्रियंका सिडाना की आंखे

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 8 ब्लॉक के पीछे गदरपुर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी धर्मचंद सिडाना की पुत्रवधू एवं अनिल सिडाना की धर्मपत्नी श्री मति प्रियंका सिडाना का आकस्मिक निधन हो गया था परिवार में अचानक निधन से कोहराम मच गया। श्री मति प्रियंका सिडाना बहुत धार्मिक एवम मृदुभाषी थी उन्होंने अपने जीवन काल में नेत्रदान संकल्प ले रखा था। परिवार ने बहु के संकल्प को पूरा करने के लिए वार्ड के सभासद सतीश मिड्ढा से कहा। सभासद मिड्ढा ने सोचो डिफरेंट संस्था से संपर्क किया। तत्पश्चात सीएल गुप्ता आई बैंक की टीम द्वारा सफलतापूर्वक नेत्रदान लिए गए। अब किन्हीं दो लोगों में रोशनी आएगी।श्रीमति प्रियंका आंखे दान करके जाते जाते



अमर हो गई। इस दौरान क्षेत्र के अनेकों संगठनों व्यापार मंडल,पंजाबी महासभा,जय भवानी जागरण मंडल,रेडिमेड एसोसिएशन,कपड़ा एसोसिएशन आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की सांत्वना दी।

# श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के ईआरपी पोर्टल का किया उदघाटन

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल/कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन, देहरादून से श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्व विद्यालय, टिहरी के ईआरपी पोर्टल का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट को छात्र हित में ऑनलाइन कर दिया गया है, विश्वविद्यालय में वर्तमान समय में लगभग 1 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं तथा 217 राजकीय/ अशासकीय महाविद्यालय, निजी शिक्षण संस्थान सम्बद्ध एवं संचालित हैं। इन सभी संस्थानों को अब विश्वविद्यालय संबंधी सभी कार्यों हेतु ऑनलाइन ही समाधान मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है, संचार क्रांति के माध्यम से आज हम एक क्लिक के माध्यम से ही पूरी दुनिया से जुड़ सकते हैं, ऐसे में हमारे सभी विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी इसका लाभ मिलना चाहिए। आज ईआरपी पोर्टल बनने से श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय में पंजीकृत/अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को अपने प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय नहीं आना पडेघ्गा व आसानी से कहीं से भी



ऑनलाईन उक्त प्रमाण पत्रों को प्राप्त कर सकेंगे। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं अपने बहुमूल्य समय को बचा सकेंगे। राज्यपाल ने कहा कि इस वेबसाइट का व्यापक रूप से प्रचार व प्रसार किया जाए, जिससे विश्वविद्यालय के वर्तमान अध्ययनरत एवं पूर्व छात्रों को इसकी जानकारी मिले और सभी छात्र इस वेबसाईट का लाभ ले सकें। उन्होंने इस पोर्टल को छात्र हित में निर्मित करने पर कुलपति प्रो0 जोशी को बधाई दी तथा उक्त प्रगति पर विश्वविद्यालय की प्रशंसा की। कुलपति प्रो एन. के. जोशी ने बताया कि श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, मुख्यालय में प्रतिदिन छात्र-छात्राएं दूर-दराज स्थानों से अपनी डिग्री, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, प्रोविजनल डिग्री आदि के लिए आते हैं, जिससे उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। छात्र-छात्राओं से वार्तालाप कर उनकी समस्याएं जानी जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा उक्त प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु इस पोर्टल का निर्माण कराया गया। प्रो जोशी ने बताया कि अभी हाल ही में लॉन्च हुई राज्यपाल महोदय कि वेबसाइट ने भी इस कार्य हेतु प्रेरणा देने का कार्य किया। ईआरपी पोर्टल के द्वारा अब विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्र-छात्राएं अपनी डिग्री, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, प्रोविजनल डिग्री, ऑनलाइन कहीं से भी प्राप्त कर सकेंगे। छात्र- छात्राओं की समस्याओं एवं उनका निराकरण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शिकायत निवारण पोर्टल का निर्माण भी किया गया है, जिससे त्वरित गति से छात्र-छात्राएं अपनी समस्याओं का समाधान भी पा सकेंगे।

# कामेट पर्वत पर पर्वतारोहण कर लौटी टीम ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में उत्तराखण्ड के सबसे ऊंचे शिखर कामेट पर्वत पर पर्वतारोहण कर लौटी "हर शिखर तिरंगा" अभियान की टीम से भेंट की। कर्नल आर एस जमवाल के नेतृत्व में मिले 7 सदस्यीय पर्वतारोहण टीम ने राज्यपाल को बताया कि रक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत "हर शिखर तिरंगा" की टीम देश के प्रत्येक राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करके तिरंगा फहराने का कार्य



कर रही है। कर्नल जमवाल ने बताया कि उत्तराखंड के कामेट पर्वत में आरोहण का, इस अभियान के अंतर्गत उनकी टीम को यह उपलब्धि प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि यह अभियान अरुणाचल प्रदेश से शुरू हुआ, और अगला पड़ाव लद्दाख में है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत रोमांचकारी सफर है। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं और हर संभव सहायता की जाएगी।

# गूलरभोज में नकली देशी गुलाब शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़

## ❑पुलिस ने शराब बनाने और सप्लाई करने वाले छः आरोपियों को गिरफ्तार किया
## ❑मकान में आईजीएल से सप्लाई होने वाले इथाइल एल्कोहल से बनाते थे शराब
## ❑काशीपुर स्थित गोदाम से आठ ड्रम शराब बनाने के केमिकल भी जब्त किये

रुद्रपुर/गूलरभोज(उद संवाददाता)। ऊमसिंहनगर पुलिस ने जिले में शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाते हुए बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस टीम ने गूलरभोज के रोशनपुर गांव में एक मकान में चल रही नकली देशी शराब (गुलाब ब्रांड) बनाने की फौक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण ,कैमिकल सहित कारोबार में लिप्त छ:आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन सगे भाई हैं और दो दंपत्ती हैं। इस गिरोह का सरगना फरार है। पुलिस ने बड़ी मात्रा में देशी शराब, शराब बनाने में इस्तेमाल केमिकल और उपकरण बरामद किए हैं। एसएसपी ने टीम को 2500 रुपये का इनाम और एसओजी के सिपाही खीम सिंह को मैन ऑफ द मंथ घोषित किया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने गूलरभोज पुलिस चौकी में पत्रकार वार्ता में बताया कि सोमवार की रात एसओजी और गूलरभोज पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर चंदायन पुलिया के पास गूलरभोज से आ रहे टेंपो ट्रेवलर यूके 18टीए 1433 को रोका जिसमें 88 पेटियों में देसी शराब के 4224 पव्वे भरे थे। वाहन चालक सुखदेव सिंह निवासी ग्राम कुआखेड़ा थाना बड़ापुर जिला बिजनौर ने बताया कि वे बरामद देसी शराब को रोशनपुर स्थित मकान में तैयार करते है। शराब बनाने में इस्तेमाल किया जाने वाला केमिकल का स्टॉक का गोदाम कुंडेश्वरी काशीपुर में है। टीम ने सुखदेव की निशानदेही पर रोशनपुर स्थित मकान में छापा मारा। यहां पर कमरों में राज कौर पत्नी संदीप सिंह निवासी फायर सर्विस के पास काशीपुर, नीलम पत्नी मंजीत सिंह निवासी बाजपुर, संदीप सिंह, उसका भाई राजेंद्र सिंह, मंजीत सिंह निवासी मुंडिया कला बाजपुर को पव्वों में पाइप के माध्यम से शराब भरते और पैकिंग मशीन से पव्वों का ढक्कन सील करते हुए पकड़ा। टीम ने मौके से खाली पव्वों के ढक्कन, बाजपुर गुलाब लिखी चिटें, उत्तराखंड शासन उत्तराखंड आबकारी लिखी चिट सहित शराब बनाने में इस्तेमाल केमिकल, उपकरण, होंडा सिटी कार यूपी 16जे- 8968 में भरी 6 पेटी शराब बरामद की। साथ ही टीम ने कुंडेश्वरी काशीपुर स्थित गोदाम से आठ ड्रम शराब बनाने के केमिकल भी जब्त किए। अभियुक्तों ने बताया कि वे सुखबिंदर सिंह उर्फ सोनू निवासी बेरिया दोलत केलाखेड़ा के लिए काम करते हैं। अवैध देसी शराब बनाकर उसे कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों में बेचने के लिए ले जाते हैं। इस मामले में अभियुक्तों के खिलाफ धारा 60/60(2)/12 आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। बताया कि फरार सुखबिंदर की तलाश की जा रही है। वहां पर एएसपी अभय सिंह, सीओ बाजपुर बीएस भंडारी मौजूद रहे। ऊधमसिंहनगर जिले में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एसएसपी मंजुनाथ टीसी ने बताया कि आईजीएल काशीपुर में इथाइल एल्कोहल तैयार होता है और उसकी सप्लाई देशभर में होती है। अभियुक्तों की आईजीएल से सप्लाई ले जाने वाले कुछ ट्रक चालकों से सांठगांठ थी और चालक कुछ कुछ मात्रा में एल्कोहल अभियुक्तों को देते थे। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में आईजीएल के कर्मचारियों की संलिप्तता भी हो सकती है। साथ ही शराब बनाने के उपकरण कहां से खरीदे, यह भी साफ होगा जो विवेचना में साफ होगा। एसएसपी ने बताया कि नकली देसी शराब का धंधा चलने के बाद अभियुक्तों की योजना नकली अंग्रेजी शराब बनाने की थी। लेकिन इससे पहले ही अभियुक्त उनके हत्थे चढ़ गए। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्तों ने आबादी से दूर गूलरभोज के किनारे एकांत में एक घर किराए लिया था। ताकि अवैध कार्य की जानकारी लोगों को न हो सके। घर में गुलाब मार्का देसी शराब तैयार की जाती थी। तीन महीने से नकली शराब तैयार की जा रही थी। बताया कि अभियुक्तों को घर किराए पर देने वाले से भी पूछताछ की जाएगी। नकली शराब लोगों की सेहत के लिए हानिकारक है। पुलिस ने न सिर्फ नकली शराब से होने वाले हजारों करोड़ों रुपये की राजस्व हानि को रोका है, वहीं लोगों की जान बचाने का काम किया है। एसएसपी ने बताया कि फरार सुखबिंदर पर इनाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने सीओ बाजपुर को इनाम घोषित करने के निर्देश दिए। कहा कि उसकी गिरफ्तारी के बाद ही पूरे नेटवर्क सहित अन्य अहम जानकारियां मिलेंगी। बरामद माल में अवैध देशी शराब के पव्वे की 112 पेटी ।2. एक टैम्पो ट्रैवल्स । एक होण्डा सिटी कार ।अवैध शराब के 40 ली0 के 12 ड्रम, शराब बनाने का कैमिकल,08 ड्रम, खाली पव्वे,66 कट्टे पव्वे के ढक्कन 02 कट्टे , सील करने के उपकरण तथा अन्य उपकरण एवं सामग्री शामिल है। पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी ऊधमसिंह नगर विजेंद्र शाह, एसओजी प्रभारी काशीपुर भुवन चंद्र जोशी, एएनटीएफ प्रभारी जसवीर चौहान, एसओ राजेश पांडे, एसआई मनोज धौनी, हेड कांस्टेबल खीम सिंह, विनय कुमार, कांस्टेबल कैलाश तोमक्याल, गणेश पाण्डे, नीरज भोज, राजेन्द्र कश्यप, गोकुल टम्टा, दीपक कठैत, दीवान बोरा, हरीश गोस्वामी, विरेन्द्र, महेश चन्द्र, रघुवर रावत, दीपक जोशी, उमेश जोशी, दर्शन सिंह शामिल थे।






गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये,
उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# आपदा राहत व बचाव का कार्य समय से पूर्ण करें: सीएम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सर्किट हाउस काठगोदाम में अधिकारियों की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानसून अवधि व आपदा के दृष्टिगत अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिए। कहा कि समस्त अधिकारी अपने क्षेत्रों में पल-पल के खबरों की जानकारी लेते हुए नजर बनाए रखें जिससे किसी भी प्रकार की आपदा के घटित होने पर उसके प्रभाव को कम करते हुए ससमय राहत व बचाव का कार्य किया जा सके। सीएम ने कहा कि हम किसी भी आपदा को रोक नहीं सकते किंतु उसके होने वाले प्रभावों को कम कर सकते है, इसके लिए हम सभी को सजग रहते हुए कार्य करना है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बरसात के सीजन में आने वाली आपदा के पुराने अनुभव को देखते हुए अधिकारियों को इस बार पुख्ता तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समस्त निर्माण दाई संस्था अपने क्षेत्रों में नालों की साफ-सफाई, झाड़ी-कटान के साथ ही सड़को पर पड़े हुए मलबे को साफ करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में मानसून पहुंच चुका है लिहाजा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आइटीबीपी सहित लोक निर्माण विभाग और समस्त जिला प्रशासन एलर्ट मोड़ पर रहते हुए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने गड्ढा मुक्त अभियान के संबंध में अधिकारियों को तेज गति से गुणवत्तापरक कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के नाते हमारा दायित्व बनता है कि हम पर्यटकों को बेहतर सड़क व अधिक सुविधा मुहैया करायें जिससे हमारा पर्यटन आधारित प्रदेश समृद्ध हो सके व पर्यटक प्रदेश की बेहतर छवि लेकर जाए। वहीं दूसरी तरफ अतिक्रमण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 2700 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित हुआ है और धीरे-धीरे वन भूमि और सरकारी भूमि में हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है और सरकार द्वारा लोगों से भी अपील की गई है जो स्वयं अतिक्रमण भूमि में बैठे हैं वह अपना अतिक्रमण स्वतः खाली कर दें। इसके साथ ही सीएम ने ट्रैफिक प्लान, पेयजल के साथ ही विकास कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्य मंत्री/सांसद अजय भट्ट, मेयर डॉ जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक कालाढूँगी बंशीधर भगत, नैनीताल सरिता आर्या, लालकुआं डॉ मोहन सिंह बिष्ट, भीमताल राम सिंह कैड़ा, डा0 अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, प्रकाश हरबोला,सुरेश भटट, आईजी नीलेश आनंद भरणे, जिलाधिकारी वंदना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, डीएफओ संदीप कुमार, अधीक्षण अभियंता जलसंस्थान विशाल सक्सेना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।








# विश्व में बढ़ी केएलए के चावल की डिमांड

## अमेरिकी राष्ट्रपति को उत्तराखण्ड का चावल भेंट किये जाने से केएलए का भी चमका नाम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान उत्तराखंड में उत्पादित प्रसिद्ध पूसा 1121 किस्म का लंबा चावल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन एवं उनकी पत्नी को उपहार स्वरूप भेंट किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव दर्शाते हुए प्रदेश के चावल को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी है। जिससे उत्तराखण्ड का पूरे विश्व में गौरव बढ़ा है। उत्तराखण्ड के इस खास चावल को अमेरिकी राष्ट्रपति को भेंट किये जाने से उत्तराखण्ड की सबसे बड़ी चावल निर्यातक कंपनी केएलए राईस इंडिया लिमिटेड का नाम भी विश्व पटल पर चमका है। हालाकि रूद्रपुर स्थित केएलए इंडिया लिमिटेड पूर्व से ही विश्व के करीब 50 देशों में चावल का निर्यात करती आ रही है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति को पूसा 1121 चावल भेंट किये जाने से केएलए के चावल की डिमांड विश्व में और बढ़ गयी है। दरअसल केएलए इंडिया लिमिटेड इस खास किस्म के चावल का उत्पादन दशकों से करता आ रहा है। केएलए इंडिया लिमिटेड के एमडी अरूण अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तराखण्ड का पूसा 1121 चावल अमेरिकी राष्ट्रपति को भेंट किया जाना उत्तराखण्ड के लिए गौरव की बात है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का नाम रोशन हो रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इसका लाभ उनकी कंपनी को भी मिल रहा है । अब यूएसए से भी और अधिक बासमती चावल 1121 की डिमांड आनी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि न्यूयॉर्क, शिकागो शहरों में एकाएक इस चावल की डिमांड बढ़ गयी है। अरूण अग्रवाल ने बताया कि 1121 चावल उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में उत्पादित होने वाले एक खास किस्म के धान पूसा 1121 की खेती से उत्पादित होता है। इसकी लंबाई 8.4 मिमी. से भी ज्यादा होती है , इस चावल का ज्यादातर उपयोग बिरयानी बनाने में किया जाता है।



# सीएम ने किया एरोमा पार्क का भूमि पूजन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में एरोमा पार्क का भूमि पूजन कर प्लाटों का आवंटन करते हुए कहा कि आज कैप, सेलाकुई, सुगन्ध व्यापार संघ, दिल्ली, एसेंशियल ऑयल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया नोएडा एवं सिडकुल द्वारा देश के प्रथम एरोमा पार्क की स्थापना उत्तराखण्ड में की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है, जिसमें एरोमैटिक सेक्टर के विकास हेतु प्रदेश स्तर पर सरकार द्वारा एक विशिष्ट एवं समर्पित संस्थान सगन्ध पौधा केन्द्र (कैप) की स्थापना की गयी है, जिसे सगन्ध फार्मिंग द्वारा राज्य की आर्थिकी बढ़ाने का दायित्व सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत दो दशकों में राज्य सरकार द्वारा कैंप के माध्यम से प्रदेश में एरोमैटिक सेक्टर का काफी विकास किया गया है, जिसके माध्यम से प्रदेश में 24 हजार से भी अधिक किसान एरोमैटिक फार्मिंग से जुड़े है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में एरोमैटिक सेक्टर के विकास तथा यहां उत्पादित सगन्ध तेलों की अच्छी गुणवत्ता को देखते हुए प्रदेश में एरोमा पार्क पॉलिसी 2018 लागू की गयी, जिसके अन्तर्गत एरोमा तथा परफ्यूमरी से सम्बन्धित 46 उद्योग सिडकुल काशीपुर में स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दिशा निर्देशन में आर्थिकी और पर्यावरण के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए राज्य की परिस्थितियों के अनुरूप विकास पर ध्यान दे रही है। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, विधायक श्री त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर सुश्री उषा चौधरी, सचिव श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, एम.डी. सिडकुल श्री रोहित मीणा के साथ ही विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।







# मोदी ने कार्यकर्ताओं को दिया 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का मंत्र

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के करोड़ों कार्यकर्ताओं से भोपाल से लाइव होकर 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम को सम्बोधित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्ड नं 37 रविन्द्र नगर के मनकामेश्वर मन्दिर में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर उनके विचारों को सुना । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सम्बोधन में कार्यकर्ताओं को एक ही मन्त्र दिया कि मेरा बूथ सबसे मजबूत इस मंत्र को चरितार्थ करते हुए हमको अपने अपने क्षेत्र में कार्य करना है। भाजपा का कार्यकर्ता परिश्रमी होता है जो सदैव भाजपा का झण्डा बुलंदी से मजबूत किये वर्ष भर संगठन के कार्य मे पूरी ईमानदारी से जुटा रहता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा यह देशभर के कार्यकर्ताओं का विश्वास और उत्साह दर्शाता है कि हम अपने अपने बूथों को पहले से भी मजबूत स्थिति में जीताने लिये तैयार है, और करोडो कार्यकताओ की मेहनत है जो हमको दिन रात कार्य करने के लिये प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री ने कहा मैंने अपने जीवन मे इतनी बड़ी संख्या में पूरे देश भर से जुड़े कार्यकर्ताओ को एक कभी नही देखा। यह एक बहुत बड़ा कार्यकताओं का एक साथ वर्चुअल माध्यम से संगम है जो अपने आप मे अद्वितीय अकल्पनीय है। रुद्रपुर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडी समिति अध्यक्ष के. के. दास के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता यशपाल घई , प्रदेश महामंत्री ओबीसी मोर्चा नेत्रपाल मौर्या प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उपेंद्र चौधरी प्रदेश उपाध्यक्षा महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी भाजपा रूद्रपुर उत्तरी मंडल के मंडल प्रभारी हरीश खनवानी,मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, मोहन तिवारी, मंडल महामंत्री राजेश जग्गा , राधेश शर्मा , मंडल उपाध्यक्ष मनोज मदान, अनिता बरेठा , संजय हालदार , मंडल मंत्री सत्यपाल गंगवार , मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भूपराम लोधी, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा जगसोरन सिंह , अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष एजाज आलम , पार्षद कैलाश राठौर , पार्षद बब्लू सागर , पार्षद निमित शर्मा , पार्षद विधान राय ,पार्षद शिवकुमार , विनय विस्वास , मुकेश रस्तोगी , हीरा लाल गंगवार , गणपत सैनी , तारक सरकार , विधान पांडेय , गगन सुधा व् अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।





# मार्ग निर्माण कार्य में सुस्त रवैया बर्दाश्त नहीं : शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विधानसभा रुद्रपुर में हो रहे राज्य योजना व जिला योजना अंतर्गत स्वीकृत मार्गो के कार्यो की समीक्षा की। विधायक शिव अरोरा ने बैठक के दौरान विभाग के सुस्त रवैये पर अपनी नाराजगी जाहिर की उन्होंने कहा वह विधानसभा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को लेकर देहरादून तक गम्भीरता से कराने का कार्य कर रहे हैं जिसके लिये समय समय पर उन कार्यो की स्थिति के लिये स्वयं देहरादून विभाग जाकर उसको जल्दी कराने के लिये लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन लोकनिर्माण विभाग रुद्रपुर द्वारा सुस्त रवैये के चलते कई कार्यों में गति नही आयी है। समीक्षा के दौरान विभाग ने अवगत करवाया की दिनेशपुर हरिपुरा छतरपुर को जोड़ने वाले मार्ग का टेंडर हो गया है। जल्द कार्य आरम्भ होगा, बिगवाड़ा दक्ष रोड को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग का चौड़ीकरण कर निर्माण कार्य के डिजाइन सर्वे का कार्य जल्द पूरा होने को है। मुख्य बाजार रुद्रपुर में आंतरिक मार्गो के लगभग दो किलोमीटर निर्माण कार्य का भी जल्द प्रारंभ होने वाला है। होंडा एजेंसी से गुरुद्वारा डेरा भजनगढ़ तक के निर्माण कार्य का टेंडर प्रक्रिया में है, वही झील के सामने कैम्प मोड़ से चामुंडा मन्दिर तक चौड़ीकरण होकर रोड के निर्माण कार्य के सर्वे डिजाइन का कार्य भी जल्दी प्रकिया में आ जायेगा । विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना हेतु कुछ नए प्रस्ताव तैयार करने को विभाग को निर्देशित किया जिसमें वार्ड नं 25 में बारादरी को जाने वाले 1 किलोमीटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव, वार्ड नं 3 में गोल मढ़ैया से शिशु निकेतन तक हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव, वार्ड नं 7 व 9 के मध्य मदन होटल से श्मशान घाट तक हॉटमिक्स मार्ग के निर्माण हेतु प्रस्ताव इन सभी मार्ग के राज्य योजना के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने के लिये कहा। विधायक ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि विभाग लम्बित पड़े कार्य मे तेजी लाये साथ ही जिनके निर्माण कार्य आरम्भ होने उनमे गुणवत्ता में कोई समझौता न हो इसके लिये भी विभाग को निर्देशित किया। विधायक बोले क्षेत्र में चारो ओर कई महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्गो के निर्माण प्रारम्भ भी हो गये है और कई होने की स्थिति में है जिनके कार्य पूर्ण होने से बहुत बडी आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा । इस दौरान एक्सीयन विनोद डोबरियाल, जेई हरीश बसेड़ा, सचिन, जेई विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मणिपुर में हिंसा की आग

मणिपुर इस वक्त नाजुक दौर में पहुंच चुका है। बावजूद राज्ध्य सरकार उस पर परदा डालने का प्रयास कर रही है।अमेरिका और मिस्र की यात्रा से लौट कर प्रधानमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। उसमें उन्होंने मणिपुर में ईंधन और जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति बहाल करने और स्थिति को सामान्य बनाने के उपायों पर अमल करने का निर्देश दिया। मणिपुर में हिंसा भड़के दो महीने होने को हैं। दस हजार से अधिक लोग विस्थापित हैं। सौ से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। सैकड़ों घायल हैं। हजारों दुकानें, घर, मंदिर, मस्जिद और गिरजाघर जला दिए गए हैं। इसे लेकर कुछ दिनों पहले सर्वदलीय बैठक भी हुई, जिसे लेकर विपक्षी दलों का आरोप है कि दस मिनट भी बातचीत नहीं हुई और बिना किसी सलाह के समाप्त हो गई। इसलिए प्रधानमंत्री की बुलाई उच्चस्तरीय बैठक का मणिपुर की स्थिति पर कितना असर पड़ेगा, देखने की बात है।दरअसल, मणिपुर इस वक्त नाजुक दौर में पहुंच चुका है। फिर भी मणिपुर सरकार उस पर परदा डालने का प्रयास ही करती देखी जा रही है। कहा जा रहा है कि स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सरकारी कर्मचारियों को काम पर लौटने का आदेश दिया गया है। मगर हकीकत यह है कि अब महिलाएं भी वहां सुरक्षाबलों के विरोध में सड़कों पर उतर आई हैं। कुकी और मैतेई चरमपंथियों के बीच चल रहा जातीय संघर्ष गृहयुद्ध का रूप लेता जा रहा है। ऐसी स्थिति में केवल बैठकों से कोई स्थायी समाधान शायद ही निकले। यह समझ से परे है कि केंद्र और राज्य सरकार ने वहां की स्थित से निपटने के लिए व्यावहारिक उपाय तलाशने के बजाय क्यों दोनों समुदायों को खुद इसका समाधान तलाशने के लिए छोड़ दिया है। इस बीच सरकार पर कई गंभीर आरोप लगे। वहां के शस्त्रागार से करीब चौबीस सौ स्वचालित हथियार और भारी मात्रा में कारतूस-गोला-बारूद लूट लिया गयाविपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार ने जानबूझ कर वे हथियार लुटवाए। मगर इस पर सरकार की तरफ से कोई सफाई नहीं आई। अब कहा जा रहा है कि मणिपुर की वर्तमान स्थिति के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। विचित्र है कि जिस वक्त मणिपुर जल रहा है, उसे शांत करने के बजाय राजनीतिक रंग देकर अपनी जिम्मेदारियों से ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे तो यही जाहिर होता है कि सरकार वहां की जातीय हिंसा को रोकने को लेकर गंभीर नहीं है। मणिपुर में हिंसक घटनाओं की शुरुआत हुई तो वहां के उच्च न्यायालय के एक अव्यावहारिक निर्देश की वजह से, मगर इसके मूल में सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया शुरू से ही देखा जा रहा था। कुकी और नगा जनजातियों के लिए आरक्षित पहाड़ी इलाकों से सरकार ने खुद तथाकथित बाहरियों को निकालने का अभियान शुरू किया था। उससे यही संदेश गया कि सरकार आरक्षित क्षेत्रों में मैतेई लोगों की घुसपैठ कराना चाहती है। फिर अदालत के मैतेई लोगों को जनजातियों की सूची में शामिल करने पर विचार संबंधी निर्देश ने आग में घी का काम किया। ऐसे संवेदनशील मसले पर सरकार को भ्रम निवारण के व्यावहारिक उपाय करने चाहिए थे। केंद्र सरकार का भी रवैया इसे लेकर ढीलाढाला ही रहा है, वरना महज औपचारिकता के लिए न तो सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती और न हाथ पर हाथ धरे हिंसक झड़पों के अपने आप शांत होने का इंतजार किया जाता। जब तक वहां हिंसा नहीं रुकेगी, तब तक ईंधन और दूसरी जरूरी चीजों की आपूर्ति भी ठीक से बहाल नहीं हो सकेगी। हिंसा रोकने के लिए वहां के लोगों का भरोसा जीतना बहुत जरूरी है।

# उत्तराखंड में जल्द लागू होगा समान नागरिक संहिता कानून

देहरादून(उद संवाददाता)। समान नागरिक संहिता पूरे देश में उत्तराखंड की पहल पर लागू होने जा रही है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का ड्राफ्ट बनाने के लिए गठित समिति इन दिनों इसे अंतिम रूप देने में जुटी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि समिति का फाइनल ड्राफ्ट आते ही सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि फाइनल ड्राफ्ट आते ही सरकार समान नागरिक संहिता को राज्य में लागू कर देगी। इससे यह भी स्पष्ट हो रहा है कि धामी सरकार द्वारा की गई पहल में केंद्र की सहमति सम्मिलित थी। समान नागरिक संहिता का विषय भाजपा के एजेंडे में सबसे ऊपर रहा है। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश भाजपा ने अपने दृष्टिपत्र में इसे प्रमुख स्थान दिया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी चुनावी भाषणों में कहा था



कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर यहां समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। सत्ता में आने के बाद उन्होंने इस दिशा में कदम बढ़ाया। धामी सरकार ने समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने के लिए जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई (सेनि) की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया। यह समिति आम जन के साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय, प्रदेश की विभिन्न जनजातियों व महिलाओं के साथ बैठक कर उनके सुझाव ले चुकी है। सीएम धामी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों और समुदायों ने खुले मन से अपनी बात समिति के समक्ष रखते हुए सुझाव दिए हैं। प्रदेश सरकार समिति का कार्यकाल दो बार बढ़ा चुकी है। अभी कार्यकाल सितंबर तक के लिए बढ़ाया गया है। समिति को ढाई लाख से अधिक सुझाव मिले हैं और वह ड्राफ्ट को अंतिम रूप दे रही है। अब विधि आयोग (लॉ कमीशन) भी पूरे देश में समान नागरिक संहिता के लिए जनता से विचार विमर्श कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने संबोधन में कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसके निर्देश दे चुकी है। गृह मंत्री राजनाथ सिंह भी इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सराहना कर चुके हैं। जाहिर है कि ऐसे में पूरे देश की नजरें उत्तराखंड पर टिक गई हैं। समझा जा रहा है कि उत्तराखंड में लागू होने वाली समान नागरिक संहिता में इससे जुड़े विभिन्न पहलू शामिल किए जाएंगे और इसे मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इससे केंद्र के साथ ही दूसरे राज्यों के लिए भी राह आसान होगी।

## जल भराव से रोषित लोगों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत रात्रि हुई बारिश से इंदिरा नगर शनी बाजार रोड स्थित नाले की सफाई न होने के कारण नाला ओवरफ्लो हो गया। जिस कारण कूड़ा एवं गंदगी बहती हुई वार्ड 59 में जोशी विहार, गणपति विहार, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, चौधरी कॉलोनी सहित इस क्षेत्र के तमाम घरों में घुस गई। इससे रोषित लोगों ने निगम के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप



है कि पूर्व में15 जून तक नगर निगम द्वारा नाले की सफाई कर दी जाती थी मगर इस बार नाले की सफाई नहीं की गई । जिसमें अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई है।क्षेत्रीय पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि नाले की सफाई के संदर्भ में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया था मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन करने वालों में अहमद सैफी, ताहिर हाफिज, सलीम खान, देवेंद्र जोशी, शादाब सिद्दीकी , राजेश मोर्या ,मंसूर अंसारी , हाजी बबलू ,नासिर हुसैन ,फैसल सिद्दीकी , खालिद हुसैन , हसमत सैफी, धर्मपाल, धीरज, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## उत्तराखंड में 4200 से अधिक शिक्षकों का किया तबादला

देहरादून। विद्यालयी शिक्षा इस सत्र में 42 सौ से अधिक शिक्षक स्थानांतरित किए गए हैं। मंगलवार को 22 प्रधानाचार्यों के स्थानांतरण की सूची भी शासन ने जारी की। स्थानांतरित शिक्षकों में 2247 माध्यमिक शिक्षकों के अलावा दो हजार से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं। बड़ी संख्या में हुए तबादलों से ज्यादातर शिक्षक संतुष्ट दिखे, लेकिन दुर्गम से दुर्गम, गंभीर रोग ग्रस्त श्रेणी में हुए तबादले, सबमिट और एससीईआरटी में पिक एंड चूज फार्मूला अपनाए जाने पर कई शिक्षकों ने नाराजगी है। आरोप है कि शासन स्तर पर गंभीर रोग ग्रस्त श्रेणी में ऐसे शिक्षकों का तबादला कर दिया गया, जो वास्तव में गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। एक महिला शिक्षक की एक ही किडनी है, लेकिन उसका तबादला कर दिया गया, जबकि स्वास्थ्य दिखने वाले और ऊंची पहुंच रखने वाले दून में स्थित शिक्षक का तबादला नहीं हुआ। हालांकि, शिक्षकों ने गंभीर बीमार श्रेणी में तबादला रोकने का अनुरोध किया था। इस पर शिक्षक नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली है। प्रवक्ताओं का बड़ी संख्या में ऐसे समय में तबादले हुए हैं जब कुछ दिन बाद ही राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव होने हैं। छह एवं सात जुलाई को अल्मोड़ा में राजकीय शिक्षक संघ का अधिवेशन के बाद चुनाव होंगे। ऐसे में तबादलों को लेकर चर्चा होना स्वाभाविक है। एससीईआरटी में ऐसे शिक्षकों का तबादला नहीं हुआ जो तबादला सूचित में पहले व दूसरे स्थान पर रखे गए थे। जबकि कुछ शिक्षकों के स्थानांतरण में तबादला अधिनियम 2017 की धारा 13 (3) का पालन नहीं किया गया। जबकि संबंधित शिक्षकों ने इस नियम का अपने दस्तावेजों में विस्तार से रिपोर्ट दी थी। कुमाऊं मंडल से एलटी के 750 तबादले हुए हैं। गढ़वाल मंडल से 779 एलटी तबादलों पर मुहर लगी। प्रदेश संवर्ग से 718 प्रवक्ताओं का तबादला भी विभिन्न श्रेणियों में किया गया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने बताया कि तबादलों की लिस्ट विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

## सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी कार्य करें : डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर पूर्व में दिये गये निर्देशों पर विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए कहा कि बैठक में समिति द्वारा वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विभागों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए जाते हैं उन्हें संबंधित अधिकारी विभागीय कार्यवाही करते हुए आगामी बैठक में उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा तंत्र को प्रभावी बनाते हुए शून्य दुर्घटना विजन स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच समयबद्धता के साथ करते हुये पोर्टल पर अपलोड की जाए। जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थलों पर क्रेश बैरियर लगाने, वाहन चालकों के लाईसेंस की जांच व वाहनों की निरंतर फिटनेस विश्लेषण व मोटरयान कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन चालको का समय-समय पर चिकित्सकीय परीक्षण भी कराने के निर्देश पुलिस विभाग, संभागीय परिवहन अधिकारी के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने दुर्घटना संभावित स्थानों पर किए जाने वाले सुरक्षात्मक कार्यो को समयबद्धता से करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियो को दियेजिलाधिकारी ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को जिले में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल चालान की कार्यवाही के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि सभी उपजिलाधिकारी अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत पुलिस व परिवहन विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण कर वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु कड़ी कार्यवाही करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओकेअधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर के मुख्य चौराहों पर मुख्य स्थानों के नाम के साइन बोर्ड तत्काल लगायें जाय ताकि बाहर से आने वाले लोगों व



पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हों बैठक में पुलिस उपाधीक्षक ओशिन जोशी, उपजिलाधिकारी सदर गोपाल सिंह चौहान, सचिव सड़क सुरक्षा समिति लोनिवि केसी आर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी गुरु देव सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ मंदिर में प्रतिमाएं स्थापित





रूद्रपुर (उद संवाददाता) । सोनिया होटल के समक्ष स्थित मंदिर में भव्य कलश यात्रा के साथ मां शेरों वाली तथा श्री शनि देव महाराज की प्रतिमाओं की वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्थापना की गई। इससे पूर्व कलश यात्रा सोनिया होटल के पास मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमे सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर प्रतिभाग किया। शोभा यात्रा चौरासी घंटा मंदिर से होते हुए कटोरी मंदिर, हनुमान मंदिर से विभिन्न गलियों में होते हुए वापस उसी मंदिर में पहुंची। ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु लोक भजन गाते हुए कलश यात्रा में चल रहे थे। उसके पश्चात मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम हुआ। रम्पुरा ने सोनिया होटल के पास मंदिर में मां शेरावाली और शनि देव महाराज की प्रतिमाएं पंडित नरेश चंद्र शर्मा एवं राम भगत द्वारा विधि विधान के साथ स्थापित की गई।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राज कोली,ओम प्रकाश कोली, सुरेश कोली, रोहित कोली, सूरज कोली, आकाश कोली, सतीश कोली, राजेश कोली, विवेक कोली, दर्शन कोली, विक्की कोली, सूरज रोगा, सुनील कोली सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शराब पीकर वाहन चलाना चालक को पड़ा महंगा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। शराब पीकर वाहन चलाना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने ओवर लोडिंग ओवर सवारी ओवर स्पीड,रैश ड्राइविंग करने एवं रेट्रो साइलेंसर का प्रयोग कर स्टंट बाजी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध एसएसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मैक्स वाहन संख्या यूके 04टीए 5274 के चालक आनन्द आर्य निवासी लमगडा, अल्मोड़ा को शराब के नशे में वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन मैक्स को सीज कर दिया। इसके अतिरिक्त 5 वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे होने पर चालानी कार्यवाही की गई और प्रेशर हार्न निकलवाये गए।



## हिमानी वैष्णव ने पीएम मोदी से किया संवाद

देहरादून। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत प्रधानमंत्री ने देशभर के 10 कार्यकर्ताओं से किया संवाद। चमोली की जिलाध्यक्ष हिमानी वैष्णव ने उत्तराखंड से प्रधानमंत्री से वर्चुअली सवाल किया। हिमानी ने पूछा कि जनता को सरकार की सामाजिक न्याय के तहत संतुष्टिकरण की नीति से कैसे अवगत कराएं। जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दल सामाजिक न्याय के नाम पर जनता से अन्याय करते रहे। जाति और वर्ग के नाम पर भेदभाव किया गया। तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति की गई, लेकिन भाजपा के संस्कार, विचार और नीति अलग है। प्रधानमंत्री ने कहा हम संतुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। बिजली पहुंचेगी तो सबके घर, हर घर को नल से जल मिलेगा तो सबको मिलेगा। किसी योजना में भेदभाव नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि निचले तबके के लिए भाजपा सरकार विभिन्न योजनाएं चला रही है। रेहड़ी-ठेली वाले भाइयों को हम बैंक तक ले गए। मशीन-औजार चलाने वाले भाइयों के लिए विश्वकर्मा योजना लाई जा रही है। जनता के बीच यही संदेश पहुंचना है कि अब संतुष्टिकरण की राजनीति होती है।



# प्रसिद्ध गोपीनाथ मंदिर एक तरफ झुका

गोपेश्वर। उत्तराखंड के चमोली जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध गोपीनाथ मंदिर के ऊपरी भाग के धंसने और एक तरफ झुकने की बात सामने आई है। मंदिर के पुजारियों और जनप्रतिनिधियों ने पुरातत्व विभाग को मंदिर के संरक्षण की मांग उठाई है।सोशल मीडिया पर मंदिर की वीडियो भी वायरल हो रही है। व्यापार संघ अध्यक्ष अंकोला पुरोहित और गोपीनाथ मंदिर के पुजारी हरीश भट्ट ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को बताया कि मंदिर के अंदर भारी मात्रा में पानी टपक रहा है। मंदिर ऊपरी हिस्से से धंस रहा है और एक तरफ झुक रहा है। समय रहते मंदिर के सरक्षण की जरूरत है।



गोपीनाथ मंदिर चतुर्थ केदार रुद्रनाथ भगवान का शीतकालीन गद्दीस्थल भी है। इन दिनों चारधाम यात्रा के तहत कई तीर्थयात्री गोपीनाथ भगवान के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। गोपीनाथ मंदिर गढ़वाल के सबसे ऊंचे मंदिरों में शुमार है। मंदिर पर पत्थरों की नक्काशी आकर्षण का केंद्र है। मान्यता है कि नागर शैली में निर्मित यह मंदिर कत्यूरी राजाओं द्वारा बनाया गया था।

# पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाकर पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। वांछितों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रकट सिंह पुत्र प्रकाश सिंह निवासी ग्राम चंदनपुरा थाना गदरपुर एवं नफीस पुत्र जमील निवासी ग्राम पत्थरकुई थाना गदरपुर,मो0 सरफराज पुत्र याकूब निवासी ग्राम पत्थरकुई थाना गदरपुर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, एसआई महेश चंद्र, कांस्टेबल दर्शन सिंह आदि शामिल थे।




# मारपीट व जान से मारने की धमकी में पिता-पुत्र समेत सात नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। बलवा मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर 7 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम बैलजूड़ी थाना कुंडा निवासी सीमा पत्नी सलीम अहमद ने बताया कि ढेला बस्ती में उसका खेत है जिसमें पति ने धान की फसल बो रखी है। इसी खेत के बगल में मोहल्ला पक्काकोट निवासी सद्दाम नामक व्यक्ति ने अपना मकान बना रखा है। महिला का आरोप है कि सद्दाम अक्सर उसकी फसल तबाह करने को लेकर खेत में जानवर छोड़ देता है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए महिला ने पुलिस को बताया कि बीते 26 जून की रात लगभग 9 बजे सद्दाम ने उसके खेत में पांच जानवर छोड़ दिए। उस वक्त उसका देवर शहादत खेत में मौजूद था। जब उसने जानवरों को खेत से निकालना शुरू किया तो सद्दाम पुत्र नसीम, नसीम पुत्र मिक्खा, शादाब पुत्र नसीम, रियाज पुत्र नसीम, सकलेन पुत्र नसीम, सरताज पुत्र नसीम व हसनैन पुत्र नसीम आपस में एक राय होकर धारदार हथियारों से लैस खेत पर आ धमके और गाली गलौज करते हुए उसके देवर शहादत से बुरी तरह मारपीट करने लगे। इस दौरान धारदार हथियार से हमलावरों ने शहादत का सिर फाड़ दिया। सहादत जब मरणासन्न स्थिति में जमीन पर गिर पड़ा तो हमलावरों ने उसका मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर सभी सात आरोपियों के विरुद्ध धारा 147 323 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मारपीट की घटना में पीड़ित पक्ष की सीमा पत्नी सलीम अहमद ने बताया कि आरोपियों ने उसका 30 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन छीन लिया। इस मोबाइल फोन को उसने 3 दिन पूर्व एक बैंक से फाइनेंस कराया था। महिला ने बताया कि अभी मोबाइल फोन की एक किस्त भी अदा नहीं कर सकी है।

## पेज एक का शेष...

**सवालों के घेरे में..**अब सवालों के घेरे में आ गए हैं और उत्तराखंड की फिजाओं में यह सवाल उछलने लगा है कि ऐसी कौन सी मजबूरी है ? जिसके चलते एक दागी नौकरशाह मुख्यमंत्री का चहेता बना हुआ है और उसे उसी विभाग का सर्वेसर्वा बना दिया गया है जहां उसने भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है। आशंका तो यह व्यक्ति की जा रही है कि कहीं उपरोक्त नौकरशाह को अपने काले कारनामों की लीपापोती करने का अवसर प्रदान करने के लिए तो इस पद पर नियुक्त नहीं कर दिया गया ? गौरतलब है कि राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक के रूप में उत्तराखंड आए डॉक्टर मृत्युंजय मिश्रा का आरंभ से ही गहरे विवादों से नाता रहा आया है और वह सत्ता के गलियारों में अपनी-गहरी गहरी पैठ के लिए जाने जाते रहे हैं। कदाचित इसी गहरी पैठ के चलते उन्हें पहले उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय मे और उसके बाद आयुर्वेद विश्वविद्यालय का कुलसचिव बना दिया गया। यह अलग बात है कि यह तथ्य आज तक सामने नहीं आ पाया की एक राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक मे आयुर्वेद या तकनीकी जैसे विशिष्ट विषय के विश्वविद्यालय का,कुल सचिव होने की कौन सी विशिष्ट योग्यता पाई गई ? बहरहाल कुलसचिव रहते हुए ही उन पर घोटालों के गंभीर आरोप लगे और नवंबर 2018 में मुकदमा दर्ज होने के बाद 3 दिसंबर 2018 को उन्हें विजिलेंस द्वारा एक करोड़ से अधिक के घोटाले के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। उपरोक्त मामले में विजिलेंस द्वारा उनकी पत्नी तथा ड्राइवर को भी आरोपी बनाया गया। इतना ही नहीं उसके बाद मई 2019 में उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला भी दर्ज किया गया। विजिलेंस ने मृत्युंजय मिश्रा की 12 करोड़ की संपत्ति पकड़ने के दावे के साथ, मार्च 2019 में मिश्रा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में उत्तराखंड शासन से मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी गई और अनुमति मिलने के बाद मई 2019 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मृत्युंजय मिश्रा 16 अगस्त 2021 को उच्चतम न्यायालय से सशर्त जमानत पर रिहा हुए और दिसंबर 2021 में ही उन्हें बहाल करते हुए, दोबारा उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय का कुलसचिव बना दिया गया। लेकिन उनकी यह नियुक्ति विवादास्पद हो गई तथा उनकी बहाली और निलंबन अवधि के संपूर्ण वेतन भुगतान के साथ पुन: उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलसचिव पद पर नियुक्त किए जाने को विधि सम्मत नहीं माना गया तथा उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रोफेसर सुनील जोशी ने मृत्युंजय मिश्रा को ज्वाइन कराने से इंकार कर दिया और आदेश जारी कर दिया की मिश्रा को कोई भी फाइल ना दिखाई जाए ।अंतत: 24 जनवरी 2022 को मिश्रा को आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग से संबद्ध कर दिया गया मिश्रा तब से 25जून 2023 तक वही संबद्ध रहे। मृत्युंजय मिश्रा को ओएसडी बनाने का फैसला भी खासा हैरत में डालने वाला है क्योंकि जहां वे डेढ़ साल तक संबद्ध रहे वहीं उनके लिए बकायदा विशेष कार्य अधिकारी का पद सृजित किया गया तथा ओएसडी नियुक्त कर दिया गया । लिहाजा इस प्रकरण पर यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या उत्तराखंड में ईमानदार एवं स्वच्छ छवि वाले अफसरों की कमी है ? जो भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति को आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं निदेशालय देहरादून में विशेष कार्य अधिकारी नियुक्त कर दिया गया ? और क्या यही है उत्तराखंड सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति?

**महानगर कांग्रेस कमेटी...**मुख्यमंत्री के आदेश के बिना अगर अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी तो फिर अब तक मनमानी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुयी। अगर सीएम की नियत साफ है तो उजाड़े गये लोगों का शीघ्र पुनर्वास किया जाये। डा. महेन्द्र पाल ने कहा कि भाजपा के नेता सिर्फ सत्ता के भूखे हैं उन्हें आम जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को सबक सिखायेगी। कार्यक्रम में डा. महेन्द्र पाल ने महानगर कांग्रेस की कार्यकारिणी की पहली सूची जारी करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे। नव मनोनीत पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। महेन्द्र पाल ने कहा कि कार्यकारिणी में कर्मठ एवं जुझारू लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। निश्चित ही इसका लाभ पार्टी को आगामी चुनाव में मिलेगा। कार्यकारिणी में शामिल लोगों मे संरक्षक मण्डल के लिए तिलकराज बेहड़, हरभजन सिंह, गोपाल भसीन, हिमांशु गावा, बनारसी दास, अजय सिंह, अमरनाथ जैन, हरीश बावरा, लखविंदर सिंह बेदी, जाहिद रजा रिजवी, सुनील विश्वास, नसरीन कुरैशी, जीत सिंह चाचू, मीना शर्मा, राम स्वरूप भारती, देवेन्द्र शाही, ममता रानी, बाबू मंसूरी, महामंत्री पद पर सुनील आर्य, अर्जुन विश्वास, पवन गाबा पल्ली, उमा सरकार, नदीम खान, उपाध्यक्ष के लिए सतीश कुमार, अशोक मण्डल, राकेश कोली, फुदेना सहनी, आंगन लाल, ज्योति टम्टा, ललित पांडे, दीप्ती गर्ग, नन्हू पाल, निरोद अधिकारी, रियाज मोहम्मद, राधेश्याम बंसल, शिवपद सरकार, कुंवरपाल कोली, गोपाल यादव, अशोक चोपड़ा, गौरव गांधी, महावीर प्रसाद सरकैनिया, राजकुमार सिंह, महानगर सचिव के लिए अमर सिंह, अल्का पांडे, मधु सिकदार, रिक्की गुप्ता, शुभम रस्तौगी, जितेन्द्र कुमार, विधान सरकार, गब्बर कोली, इकरार, ओमप्रकाश गंगवार, नवीन पंत, निसार खान, सुनीता आर्य, गोला इदरीश, नरेश सागर, रंजीत सिंह आदि के नामों की घोषणा की गयी। इस अवसर पर संदीप चीमा, मोहन खेड़ा, सुनील आर्या, दिलीप अधिकारी, रामकृष्ण, संजीव रस्तौगी, फरीद मंसूरी, बाबू खान, सुभाष राव,सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, अमन जौहरी, सुभम रस्तौगी, मोहन भारद्वाज, राजेश कुामर, सुरेश यादव, हरिराम, ओमप्रकाश, मलखान यादव, जमील अहमद, छत्रपाल, अनिल साहनी, अमित मिश्रा, फैसल खान, अशोक चोपड़ा, रिजवान, नवाब अली, पवन गावा, शीला कक्कड़, फुदेना साहनी, उमा सरकार, पवन वर्मा, मान सिंह, रंजीत सिंह, विमल घरामी, खगोपति विश्वास, विधान सरकार, अशोक मंडल, रियाज मोहम्मद, जितेन्द्र कुमार, सुहेल खान, बिट्टू कुमार, रोहित वर्मा, संजय साहनी, लक्की, अमल साना, सुनील राठौर, गोपाल यादव, छत्रपाल सिंह,धर्मेन्द्र, असलम जावेद, रामस्वरूप भारती, बनारसी दास कोरी, दीपती गर्ग, ममता हालदार, उमा सरकार, प्रीति साना, सीमा, ज्योति टम्टा, परवीन खान, डिंपल कपूर, सपना गिल, प्रकाश शर्मा, कमल चुघ, देवेन्द्र शाही, मुकेश राजौरिया, महावीर प्रसाद, नवीन पंत, भारत मोहन, प्रेमपाल राठौर, वरूण चौधरी आसीम पाशा, राजकुमार, जमील अहमद आदि मौजूद थे।

**दून में अंतर्राज्यीय....**तहरीर दी गयी कि उनकी कम्पनी द्वारा बिधौली क्षेत्र में एक मोबाइल टावर स्थापित किया गया था, जिसमें 19 जून को मोबाइल सर्विस अचानक से बन्द हो गयी। चेक किया गया तो मालूम हुआ कि उक्त मोबाइल टावर से मोबाइल सर्विस प्रदान करने वाली डिवाइस बीटीएस (एल 850) जिसकी कीमत करीब 03 लाख रु. थी, चुरा ली गयी थी तथा उक्त डिवाइस के अतिरिक्त मोबाइल टावर से कुछ अन्य उपकरण भी चोरी हुए थे। जिस पर थाना प्रेमनगर में मुकदमा अपराध सख्या 137/2023 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी होने के सम्बन्ध में अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी, माल बरामदगी व घटना के शीघ्र अनावरण हेतु दलीप सिंह कुँवर पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा निर्देशित किया गया।जिस पर सर्वेश पंवार पुलिस अधीक्षक अपराध व श्रीमती सरिता डोभाल पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन व पर्यवेक्षण में थाना प्रेमनगर व एसओजी देहरादून की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। इस दौरान जनपद देहरादून के थाना सेलाकुई, थाना क्लेमनटॉउन व कोतवाली पटेलनगर क्षेत्र में भी मोबाइल टावरों से सर्विस प्रदान करने वाले कीमती उपकरणों के चोरी की घटना घटित हुई। पूर्व में थाना प्रेमनगर व एसओजी देहरादून की गठित संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थलों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों तथा इलैक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से घटना में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। जिस पर सन्दिग्ध व्यक्तियों की तलाश हेतु गठित टीम द्वारा गैर प्रान्त दिल्ली, चण्डीगढ, हरियांणा, उत्तर प्रदेश के अनेक जनपदों में दविश देकर सन्दिग्धो की तलाश की गयी। जिसके पश्चात पुलिस टीम को अथक प्रयासो के परिणाम स्वरुप सन्दिग्धों के सम्बन्ध में अनेक सूचनाऐं प्राप्त हुई। जिसके फलस्वरुप गठित पुलिस टीम को उत्तर प्रदेश, हरियाणा एवं उत्तराखण्ड में विभिन्न राज्यों में घटना कारित करने वाले एक सक्रिय गैंग को चिन्हित किया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने वाले उत्तर प्रदेश के एक सक्रिय गैंग 4 सदस्यों गैंग लीडर कमल नयन मौर्य पुत्र गंगासागर मौर्य निवासी 1ए/4 रविन्द्र गार्डन निकट साईं मन्दिर सैक्टर ई थाना अलीगंज लखनऊ , विपुल कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम कासिमपुर नवादा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर ,प्रियांशु कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी ग्राम कासिमपुर नवादा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर ,विजय कुमार पुत्र वीरसैन निवासी ऊन पंडेरा थाना झिंझाना जिला शामली उत्तर प्रदेश को चोरी किये गये उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से थाना प्रेमनगर में मोबाइल टावर से चोरी गये उपकरणों के साथ-साथ जनपद देहरादून के थाना क्लेमनटॉउन, कोतवाली पटेलनगर व थाना सेलाकुई क्षेत्र में मोबाइल टावरों से चोरी हुए उपकरण भी बरामद हुए तथा जनपद देहरादून के चार थानों के चोरी के मुकदमों का सफल अनावरण किया गया। कमल नयन मौर्य से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह एयरो इन्फ्राटेक कम्पनी में वर्ष 2013 से सुपरवाईजर का काम कर रहा हैं, उसके कॉडिनेटर अतुल चौहान है। वह उनको फोन करके साईडों के बारे में पूछता हैं। अतुल चौहान के पास इण्डस मोबाइल कम्पनी टावरों में जो भी मेंटिनेन्स के संबंध में मेल आती है अतुल चौहान उसे बताते है, वह अपने साथ विजय कुमार, जो उसका सहायक अस्टिटेंड है, को साथ लेकर टावरों की तकनिकी खराबीयों को ठीक करने के बाद उनका लाईव लोकेशन विपुल एवं प्रियांशु को भेज देता हैं। विपुल व प्रियांशु लाईव लोकेशन के आधार पर बिना किसी परेशानी के टावर तक पहुंच जाते है और वंहा से बीटीएस व आर आर यू को आसानी से निकाल लेते है जब तक टावर का अलार्म कम्पनी तक पहुंचता है तब तक वह दोनो वंहा से फरार हो जाते है। उसके द्वारा अब तक फरीदाबाद में हनुमानगर व खेडीपुर, बहादराबाद हरिद्वार में 04 लोकेशन विभिन्न स्थानों की भगवानपुर में 01 लोकेशन तथा देहरादून में 19 जून को सात लोकेशन विपुल एवं प्रियांशु को भेजी थी। इन सभी जगह से उन लोगो ने बीटीएस व आरआरयू चोरी किये थे। देहरादून पुलिस ने अभियुक्त गण द्वारा बताये गये अन्य स्थानो की चोरी के सम्बन्ध में अन्य राज्य एवं जनपदो को उचित माध्यम से सूचना प्रेषित की जा चुकी है तथा बताये गये सभी घटनाओं पर विवेचना की जा रही है। घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम को पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने 25000 रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

**पुलिस से बचने के लिये...**जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। बताया जाता है अमन पर एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। समझौता होने पर आरोपी अमन को कोर्ट से गिरफ्तारी पर स्टे मिल गया। स्टे मिलने के बाद आरोपी अमन समझौते से मुकर गया। जिस पर युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया था। मृतका के परिजनों ने आत्महत्या के लिए अमन को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी अमन तभी से फरार चल रहा था। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

**गांधी पार्क में दिव्यांग....**में 35 वर्षीय पुत्र हरप्रसाद सबसे बड़ा है। जो दिव्यांग है। जबकि चारों पुत्रियों प्रीति, रेखा, कमलेश व मोला का विवाह हो चुका है। दिव्यांग पुत्र हरप्रसाद ट्राई साईकिल से घूमता था। बताया जाता है गत सायं हरप्रसाद का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांधी पार्क में पड़ा पाया गया। वहां घूमते लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर मृतक की पहचान हो जाने से किसी ने उसके परिजनों को भी जानकारी दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों के साथ ही परिजन भी मौके पर आ पहुंचे। हरप्रसाद का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

**छज्जा गिरने से....**किया जा रहा है जहां बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है, वही मौके पर पहुंचे कोतवाली के पुलिसकर्मियों ने मकान का के दुमजिले का छज्जा लटकता देख उस गली से लोगों की आवाजाही रुकवा कर छज्जा तोड़ने की कार्रवाई शुरू करवा दी है। पता चला है कि उक्त मकान का छज्जा लगभग 5 माह पूर्व बनाया गया था जो कि अचानक टूट कर गिर गया, जिसकी चपेट में 8 वर्षीय बालक आया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

**संदिग्ध हालातों में युवक.....**चिकित्सालय पहुंच कर शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक पूछताछ की। मृतक के पिता का गत अप्रैल माह में बीमारी के चलते निधन हो गया था। जबकि बड़ा भाई दुर्गेन्द्र चीनी मिल किच्छा में कार्यरत है।

**खाते से सवा लाख...**गए। इसके बाद इसी खाते से 4680 रुपयों की रकम और निकाली गई। इसके बाद रतन सिनेमा रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा से अज्ञात व्यक्ति ने 8000 रुपए की रकम और पार कर दी। घटना के लगभग 4 माह बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध 420 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।


## नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 02 में क्रमांक 148 पर श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मोहन लाल का नाम अंकित है। जिसको इकरारनामा बिक्री के आधार पर श्री राकेश अनेजा पुत्र श्री बंशी लाल अनेजा निवासी हापुड़ ने क्रय किया है। जिसकी पत्रावली नगर पालिका परिषद गदरपुर में प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखो में श्री राकेश अनेजा पुत्र श्री बंशी लाल अनेजा निवास निवासी हापुड के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद- मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् गदरपुर

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम हरीश सेतिया से बदलकर हरीश सेठिया रख लिया है। भविष्य में मुझे हरीश सेठिया के नाम से जाना व पहचाना जाए।

हरीश सेठिया पुत्र श्री सत्य पाल सेतिया, निवासी- विला न. एच 7 अपोजिट गेट न. 2, मेट्रोपोलिस सिटी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हृति सेतिया से बदलकर हृति सेठिया रख लिया है। भविष्य में मुझे हृति सेठिया के नाम से जाना व पहचाना जाए।

हृति सेठिया पुत्री श्री हरीश सेठिया, निवासी- विला न. एच 7 अपोजिट गेट न. 2, मेट्रोपोलिस सिटी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।


E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीवेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000